एक नजर में

पहली बार टूर्नामेंट में उतरी माही इलेवन बनी प्रथम विजेता

पडाना 11 नवंबर, सं. पिसीएल-4 पड़ाना क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के अंतिम दिवस रविवार सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच माही लायंस एवं पड़ाना लायंस के बीच खेला गया. जहां लगातार तीनों वर्ष की पीसीएल ट्रॉफी विजेता रही पडाना लाइंस ने इस बार सेमीफाइनल के पहले मुकाबले फील्डिंग एवं बैटिंग एवं बोलिंग का खराब प्रदर्शन करते हुए माही लाइंस को फाइनल में पहुंचाया. दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एमएम इलेवन और टाटीय भील के बीच खेला गया जहां टाटीयाभील टीम खिलाड़ियों ने 114 रनों का लक्ष्य एमएम इलेवन के सामने रखा लक्ष्य का पीछा करने उतरी एम एम इलेवन 22 रनों से हारकर टांटिया भील को फाइनल मुकाबले में पहुंचाया. तत्पश्चात माही ईलेवन एवं टाटीय भील के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जहां टाटीया भील ने बैटिंग करते हुए आसान सा 71 रनों का लक्ष्य माही ईलेवन के सामने रखा. लक्ष्य का जवाब देते हुए टूर्नामेंट में पहली बार अपना प्रदर्शन करने के लिए उतरी माही ईलेवन टीम खिलाड़ियों ने पीसीएल 4 ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया! जहां पीसीएल ट्रॉफी अध्यक्ष ओम परमार द्वारा प्रथम विजेता टीम को 41 हजार चेक देकर पुरस्कृत किया गया. वही उपविजेता को सांवरिया ग्रुप की ओर से 21 हजार और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. मैन ऑफ द सीरीज शरीफ मंसूरी गोरी मेडिकल, मैन ऑफ द मैच बालाजी ट्रेडर्स राहुल परमार सहित मिथिलेश, सोनू जाट, गटू कुंभकार आशापुरी रेस्टोरेंट, रोहित कुंभकार, विशाल, हेमंत पुरी, आशु, नितेश इत्यादि के द्वारा पुरस्कृत किया गया.

स्व-सहायता समूह की दीदीयों को उद्यमी बनाने का दे रही है प्रशिक्षण

राजगढ़ 11 नवम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह की सदस्य 15 सीआरपी ईपी व बीडीएसपी महिलाओं द्वारा एसव्हीईपी व ओएसएफ अंतर्गत जिले के बाहर गुना तथा देवास जिलो में नवीन उद्यमी को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. जिससे स्व-सहायता समूह की महिलाओं का आजीविका संवर्धन हो सके. जिले की समूह महिला अन्य जिलो में मास्टर ट्रेनर के रूप में काम कर रही है. उक्त दीदियों को प्रतिदिवस 500 रूपये मानदेय प्राप्त होगा तथा रहने व भोजन की व्यवस्था संबंधित जिलों द्वारा की जा रही है. अभी तक समूह की दीदीयों द्वारा 300 से अधिक उद्यमी का बिजनेस प्लान बनाया जा चुका है. राज्य कार्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुसार उक्त दल को दोनों जिलों में भेजा गया है.

कृत्रिम गर्भाधान में नवीन तकनीकों की दी गई जानकारी

राजगढ़ 10 नवम्बर, का. राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा पशुपालन विभाग सारंगपुर द्वारा श्री कपिलेश्वर गोशाला, सारंगपुर में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं के लिए 5 दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

अंतत : सूची चस्पा, हटेंगे कई निकाय कर्मचारी

2000 के बाद निकायों में भर्ती किए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटाने का फरमान जारी

जिले में 733 कर्मचारियों के नाम पहुंचे कलेक्टर के आदेश से

निकायों में लगा रहे हटाए गए कर्मचारियों की सूची

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 11 नवंबर, का. जिले की नगरीय निकायों में 2000 के बाद अतिरिक्त भर्ती किए गए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के हटाने संबंधी कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है. मामले में हटाए जाने वाले कर्मचारियों के नामों की सूची निकाय कार्यालयों में चस्पा कर दी गई. काफी दिनों से इस मामले को लेकर रस्साकशी चल रही थी. जिले की कुछ निकायों के प्रकरण कलेक्टर कोर्ट में भी चल रहे है.

जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर को मप्र शासन के वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक राज्य शासन के आदेश के विपरीत जाकर नगरीय निकायों ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है. ऐसे में उन अतिरिक्त कर्मचारियों को हटाने संबंधी कार्यवाही शुरू कर दी गई है. वित्त विभाग ने निगम मण्डलों, नगरीय निकायों से ऐसे कर्मचारियों की 25 अक्टूबर तक जानकारी मांगी थी. निकायों ने जानकारी उपलब्ध कराई और उसी के आधार पर अब कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है.

कहां कितने कर्मचारी होंगे बेदखल

सूत्रों के मुताबिक राजगढ़ नगर पालिका में 114 कर्मचारियों, जीरापुर में करीब 68, खिलचीपुर में 28, नरसिंहगढ़ में करीब 30 और सारंगपुर में भी 35 के लगभग, माचलपुर में 5 और छापीहेड़ा में भी लगभग इतने ही कर्मचारियों को हटा दिया गया है. आदेश आदेश चस्पा है और मौखिक रूप से कर्मचारियों को सूचित किया जा रहा है.

सूची चस्पा की, आदेश नहीं निकाले

इधर सूत्रों के अनुसार मामले में शासन के आदेश के बाद निकायों के कार्यालयों में निकाले जाने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की सूची चस्पा कर दी गई है. लेकिन इस विषय में किसी प्रकार के आदेश नहीं निकाले है. ऐसा संभवत: इसलिए किया गया होगा कि कर्मचारी न्यायालय की ओर रूख ना करें.

733 कर्मचारियों के नाम पहुंचे, कलेक्टर कोर्ट ने मांगी जानकारी

जिले की जीरापुर, माचलपुर, नरसिंहगढ़, सारंगपुर और सुठालिया के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित केस कलेक्टर कोर्ट में चल रहे है. कलेक्टर द्वारा स्वयं संज्ञान के बाद मामला चल रहा है. कलेक्टर ने इन निकायों से पूछा है कि कैसे शासन की मनाही के बाद भी 2000 के बाद दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियुक्ति दी गई है. गत वर्ष कलेक्टर द्वारा जिले भर के निकायों से जानकारी मांगी थी जिसमें 733 कर्मचारियों की सूची मिली थी. ऐसे में यदि इन्हें हटाया जाता है तो इनके रोजगार, व्यवसाय पर बड़ा असर पड़ेगा.

कुरावर, खुजनेर और तलेन में नहीं हटाया

जिले की कुरावर, खुजनेर और तलेन नगर परिषद में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटाने संबंधी सूची अथवा मौखिक सूचना नहीं दी गई है. इन निकायों को किसी को नहीं हटाया जा रहा है. सूत्रों की माने तो इन निकायों में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती इस प्रकार से नहीं की गई है.

व्यवस्थाओं पर पड़ेगा असर

आदेश शासन की ओर से वर्ष 2000 में जारी हुआ था जिसमें निकायों में किसी प्रकार की नियुक्ति नहीं करने की बात थी. इसके बाद 25 सालों में निकायों में कई कर्मचारियों की दैनिक वेतन भोगी के रूप में नियुक्ति हुई. वर्ष 2000 के बाद भी यह नियुक्ति की गई. ये कर्मचारी ही नगरों की सभी व्यवस्थाओं को संभालने में बड़ी भूमिका निभाते आए है और ये सभी विभागों में काम कर रहे है. इनके हटने से नगरों की व्यवस्थाओं पर बड़ा असर पड़ेगा.

शासन के निर्देश के परिपालन में पी आई सी में प्रस्ताव रखा था. राजगढ़ परिषद के 114 अस्थाई कर्मचारियों को आज हटाया गया है.
पवन कुमार अवस्थी,
सी एम ओ, नगर पालिका राजगढ़

लोन के दबाव में गढ़ी अपनी ही दुकान में चोरी की कहानी

खुद तोड़ा अपनी दुकान का ताला, खुद बनाई चोरी की कहानी

पुलिस जांच में हुआ बड़ा खुलासा

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 11 नवंबर, का. थाना ब्यावरा (शहर) पुलिस ने सुठालिया रोड स्थित ऑटो पार्ट्स की दुकान में हुई झूठी चोरी की वारदात का पर्दाफाश किया है. घटना बीते 05 नवंबर की है. थाना ब्यावरा क्षेत्रांतर्गत सुठालिया रोड तिराहा, लोधा धर्मशाला स्थित एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना पर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की. इस संबंध में अपराध क्रमांक 808/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया.

जांच के दौरान प्राप्त सीसीटीवी फुटेज एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर फरियादी दुर्गेश पिता हरिसिंह लववंशी (उम्र 34 वर्ष, निवासी कोडियाखेड़ी) से पूछताछ की गई. दौराने पूछताछ आरोपी दुर्गेश ने स्वीकार किया कि उसने स्वयं ही अपनी दुकान का ताला तोड़ा और झूठी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

ऐसे पता चला झूठी कहानी का सच

फरियादी दुर्गेश 05 नवंबर की शाम लगभग 7 बजे दुकान बंद कर गांव चला गया था. रात करीब 11.28 बजे मुंह पर कपड़ा बांधकर वापस आया, अपनी दुकान का ताला खोला और हथौड़ी से तोड़कर कुछ दूर फेंक दिया ताकि लगे कि अज्ञात चोरों ने चोरी की है. अगले दिन सुबह उसने आसपास के लोगों को दुकान में चोरी की झूठी सूचना दी और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. कठोर पूछताछ में उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने एचडीएफसी बैंक से 3 लाख का लोन लिया था और किस्तें समय पर न चुकाने तथा अन्य उधार के दबाव के कारण यह साजिश रची. जांच में पाया गया कि दुकान से कोई सामान चोरी नहीं हुआ था. ताला तोड़ने में प्रयुक्त हथौड़ा भी दुकान से बरामद किया गया. इस प्रकार आरोपी द्वारा झूठी रिपोर्ट दर्ज कराना सिद्ध हुआ है, जिस पर थाना ब्यावरा पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है. इस जांच में पुलिस टीम की ओर से निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह धाकड़, थाना ब्यावरा, उप निरीक्षक विवेक शर्मा, आरक्षक धीरेन्द्र कुमार, गुरु गोविन्द ने सराहनीय प्रयास किया.

टीनशेड में जगह नहीं, मैदान में लग रहीं ट्रॉलियां

मंगलवार को मंडी में रही इस सीजन की सर्वाधिक आवक

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 11 नवम्बर, का. दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को जब स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी शुरु हुई तो इस सीजन की सर्वाधिक आवक रही. मंडी परिसर में स्थित सभी दर्जन भर टीनशेड वाहनों से भर गये. इसके बाद टीनशेड के बाहर मैदान में भी उपज से भरे वाहन खड़े करना पड़े. रविवार एवं सोमवार को अवकाश के बाद जब मंगलवार को मंडी में शुरु हुई तो भारी आवक रही. मंडी परिसर में मौजूद सभी 12 टीनशेड वाहनों से पट गये. एक दिन पूर्व ही अधिकांश टीनशेड में वाहन आकर खड़े हो गये थे. टीनशेड में जगह नहीं होने पर मंडी परिसर में पीछे की और थोक सब्जी मंडी की तरफ मैदान में उपज के वाहनों को खड़ा किया गया. विदित है कि स्थानीय कृषि मंडी में आये दिन अवकाश के चलते किसानों को उपज विक्रय करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है. अवकाश के बाद जब मंडी में नीलामी कार्य शुरु होता है तो काफी आवक के साथ भीड़भाड़ बढ़ जाती है. इसको देखते हुए एक दिन पूर्व ही मंडी परिसर में बड़ी संख्या में उपज से भरे वाहन आ पहुंचते है.

देशभक्ति की धुनों पर थिरका पचोर, यूनिटी मार्च बना राष्ट्रीय एकता का प्रतीक

सारंगपुर/पचोर 11 नवंबर, सं. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च का भव्य आयोजन हुआ. पैदल यात्रा दोपहर में ग्राम पिपलिया रसोड़ा से प्रारंभ होकर शुजालपुर रोड, पुरानी पचोर, गांधी चौक, सराफा बाजार, पुराना बस स्टैंड, नवीन बस स्टैंड होते हुए सरदार पटेल चौक मंडी गेट पचोर पर सम्पन्न हुई. मार्च में सैकड़ो की संख्या में नागरिक, युवा, छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठन एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 11 नवम्बर, का. स्थानीय युनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपना 107 वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्ण वातावरण में समारोह पूर्वक मनाया गया.

बैंक परिसर में आकर्षक साज-सज्जा की गई. शाखा प्रबंधक नरेन्द्र कुमार डोयरे के द्वारा आमंत्रित ग्राहकों का स्वागत करते हुए बैंक संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई. इस अवसर पर ग्राहकगण ज्ञान स्वरुप मूंदड़ा, मॉय शिवा होण्डा शोरुम के संचालक विष्णु बड़ोने, गिरीश गुप्ता राधे मार्ट, ज्योति कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक, प्रियंका ऑटो मोबाईल के प्रशांत मूंदड़ा, गोपाल गुप्ता तथा बैंक के उप शाखा प्रबंधक अंकिता नायल, सहायक प्रबंधक ज्योतसना शाह, केशियर ऋतुराज, संतोष बाथम सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे.

साइंस हाउस, वन विहार का भ्रमण कर बोटिंग की

संस्कार एकेडमी के छात्रों ने किया भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

पचोर 11 नवम्बर, सं. पचोर नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी द्वारा रविवार को भोपाल का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण रखा गया. साइंस हाउस, वन विहार, पीपुल्स मॉल एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कर विद्यार्थी काफी आनंदित हुए. वोटिंग का आनंद भी लिया.

इस भ्रमण में कक्षा 5 से 12वीं तक के लगभग 300 विद्यार्थी सम्मिलित हुए. विद्यालय प्रबंधन से दीपक गोयल एवं दिनेश गोयल ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए भ्रमण के दौरान साथ रहे. भ्रमण की योजना विद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद द्वारा बनाई गई. व्यवस्था का दायित्व कोऑर्डिनेटर कवलप्रीत के नेतृत्व में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने निभाया.

भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित पीपुल्स मॉल, साइंस हाउस, वन विहार एवं अन्य शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया. विद्यार्थियों ने न केवल वैज्ञानिक ज्ञान जनजाति संग्रहालय एवं वन्यजीवों की जानकारी को अर्जित किया, बल्कि भोपाल के तालाब में वोटिंग का भी आनंद लिया.

शिक्षा के नवीन आयामों को प्रत्यक्ष रूप से जानने और अनुभव करने का यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ. रात्रि में भ्रमण दल पुन: पचोर लौट आया.

विद्यालय प्रबंधक पंकज गोयल एवं विवेक शर्मा ने भ्रमण के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुस्तकों से परे इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते है. ऐसे आयोजन विद्यालय में निरंतर होते रहना चाहिए. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा. विदित है कि इस क्रम में विद्यालय का सात दिवसीय एजुकेशनल टूर 15 नवंबर को राजस्थान जाने वाला है जहां पर बच्चे जयपुर, जोधपुर और जैसलमेर के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व को जानेंगे.

सखी लापरवाहों के लिए अमंगलकारी साबित हुआ मंगलवार, कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की क्लास ली

लापरवाही पर बीएलओ सहित 3 निलंबित, आधा दर्जन को नोटिस थमाए

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 11 नवम्बर, का. मंगलवार का दिन जिले में कई कर्मचारियों के अमंगलकारी साबित हुआ. 3 कर्मचारी जहां निलंबित किए गए वहीं करीब आधा दर्जन वरिष्ठ और निचले अधिकारी, कर्मचारियों को नोटिस थमाए गए है.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय खाजली तहसील खिलचीपुर के बीएलओ रामकैलाश दांगी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के परिपालन में गहन पुनरीक्षण के मेपिंग तथा ईएफ फार्म वितरण नहीं किए जाने एवं बार-बार मोबाईल पर सम्पर्क करने पर फोन नही उठाने, उचित उत्तर नही देने तथा तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण के भ्रमण के दौरान भी बीएलओ श्री दांगी मतदान केन्द्र क्रमांक 46 खजली में अनुपस्थित पाए गए. अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी सुश्री अंकिता जैन द्वारा बीएलओ रामकैलाश दांगी के द्वारा गहन पुनरीक्षण के कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है. निलम्बन अवधि में श्री दांगी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजगढ़ नियत किया गया है.

सारंगपुर के सीएमओ और लेखापाल पर गाज गिरी, निलंबन के आदेश

राजगढ़ 11 नवम्बर, का. जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 'संवाद से समाधान' कार्यक्रम की अभिनव पहल शुरू की गई है. यह कार्यक्रम प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई से पूर्व आयोजित किया जाता है. इसमें विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और शिकायतकर्ता आमने-सामने बैठकर शिकायतों का समाधान करते हैं. इस सप्ताह नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित 5 शिकायतों की समीक्षा की गई है. 'संवाद से समाधान' ने आमजन के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास और पारदर्शिता को और मजबूत किया है. मंगलवार को आयोजित संवाद से समाधान कार्यक्रम में शिकायतकर्ता श्री इमरान खान द्वारा बताया गया कि उनके समूह द्वारा स्कूल के बच्चों की ड्रेस सिलाई का कार्य किया गया था. जिसका आज दिनांक तक भुगतान नहीं हुआ है. उक्त शिकायतकर्ता को शिकायत का सतुष्टि पूर्वक निराकरण करते हुए शिकायतकर्ता को रेडक्रास से 27 हजार 600 रूपये की राशि कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा दी गई. शिकायतकर्ता विकास ने बताया कि मेरे द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत मेरे द्वारा पचोर नगरीय निकाय में 302 नग शौचालय का निर्माण कराया गया था. जिसका अंतिम देयक बिल का भुगतान नहीं किया गया. उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएमओ पचोर के विरूद्ध विभागीय जांच हेतु कमिश्नर को पत्र लिखने के निर्देश दिए. साथ ही नगरीय निकाय पचोर के अकाउंटेंट दुर्गेश शर्मा की एक वेतन वृद्धि रोकने व तीन दिवस में भुगतान करने के निर्देश दिए.

उपस्वास्थ्य केन्द्र में मिला ताला, नोटिस जारी

राजगढ़ 11 नवम्बर, का. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने मंगलवार को राजगढ़ ब्लॉक के उपस्वास्थ केंद्र पाटनकला का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान 10.45 बजे उप स्वास्थ भवन में ताला डला था और सीएचओ डॉ. सोफिया खान अनुपस्थित थे. वहीं ग्राम सालपुरा टीकाकरण में एएनएम श्रीमती भूली पुष्पद के 11 बजे तक अनुपस्थित रहने पर दोनों कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ. पटेल ने समस्त मैदानी कर्मचारियों को समय पर अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचने और अपना काम समय पर करने हेतु निर्देशित किया है. वहीं समस्त ब्लॉक अधिकारियों को निरंतर फील्ड भ्रमण कर अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही करने की बात कही है. इस अवसर पर डीसीएम सुनील वर्मा भी मौजूद थे.